डॉग शो 03 फरवरी को

विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय एवं केनल क्लब ऑफ जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में 12 वें ऑलब्रीड ओपन डॉग शो का आयोजन दिनांक 03 फरवरी 2019 को दोपहर 02 से 06 बजे तक किया जायेगा। इस शो में विभिन्न प्रजातियों के श्वान भाग लेंगे। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षित श्वानों द्वारा प्रदर्शन किया जावेगा।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. पी.डी. जुयाल ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से आम जनता में श्वानों के इलाज, रखरखाव, प्रशिक्षण एवं बीमारियों से बचाव की जानकारी एवं उनके प्रति दयालुता एवं लगाव उत्पन्न होता है। इस शो में विभिन्न प्रजातियों के श्वान भाग लेंगे जिससे श्वान प्रेमियों में जागरूकता पैदा होगी।

इस शो में ग्रेटडेन, सेन्ट बर्नाड, सायबेरियन हस्की, पॉमरेनियन, कुली, फ्रैंच मेसटिफ सहित लगभग 24 प्रजातियों के श्वान भाग लेंगे।

पुरूस्कार :–

1. डॉग शो के विजेता को रू 5000 उपविजेता को रू 3000 एवं तृतीय विजेता को रू 2000 का नगद पुरूस्कार एवं भाग ले रहे समस्त श्वानों में सर्वश्रेष्ठ 08 को पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा।
2. वेस्ट पपी ऑफ द शो को पुरूस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जायेगा।
3. फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा।

दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर